'5'
pib.nic.in

प्रेस सूचना ब्यूरो
भारत सरकार
***

केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने कहा यह भारत के विकास के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का दृष्टिकोण है और "न्यू इंडिया" की आशा और सशक्तिकरण का बजट है

श्री अमित शाह ने कहा बजट भारत के किसानों, युवाओं, महिलाओं और गरीबों की आकांक्षाओं को पूरा करेगा

नई दिल्ली: 05 जुलाई, 2019

केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने केंद्रीय बजट 2019 को "वास्तव में आशा और सशक्तिकरण" का बजट कहा है। एक के बाद एक ट्वीट में श्री अमित शाह ने कहा कि "यह बजट पिछले पांच वर्षों में सामाजिक क्षेत्र, अर्थव्यवस्था, आवास, बुनियादी ढांचे से संबंधित प्रमुख क्षेत्रों में किये गये अनुकरणीय कार्यों पर प्रकाश डालता है और इस आधार पर यह भावना को प्रज्वलित करता है कि भारत आने वाले वर्षों में 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन सकता है"।

उन्होंने कहा कि बजट 2019-20 उन क्षेत्रों के भविष्य के लिए सुसंगत रोडमैप प्रदान करता है जो हमारे नागरिकों के लिए विकास और नवाचार को बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छ ऊर्जा और कैशलेस लेनदेन पर जोर देना सही कदम है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने आगे कहा कि आज 'न्यू इंडिया के लिए बजट' ने प्रत्येक नागरिक के लिए पानी के हमारे सामूहिक सपनों को पूरा करने, पूरे भारत में बिजली कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने और विशेष रूप से उभरते क्षेत्रों में विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए मंच तैयार किया है। उन्होंने कहा कि यह बजट भारत को अधिक जीवंत स्टार्ट-अप हब बनाने में सक्षम करेगा।

उन्होंने कहा कि यह बजट भारत के विकास के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के उस दृष्टिकोण को स्पष्ट रूप से दर्शाता है जिसमें किसान समृद्ध हों, गरीबों का सम्मान हो, मध्यम वर्ग को उनकी मेहनत का फल मिले और भारतीय उद्यम को बढ़ावा मिले।

बी बी/डॉ डी डी